# इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

## वर्ष 2023

त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका   वर्ष 12   अंक 48 (अक्टूबर, 2023)

(नि:शुल्क वितरण के लिए)




**सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान**
**(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)**
**पिलानी (राजस्थान) 333031**

**संरक्षक**

डॉ.  पी.सी. पंचारिया

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**संपादक**

श्री रमेश बौरा

वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी

**प्रकाशक**

राजभाषा प्रकोष्ठ

सीएसआईआर-सीरी

**प्रकाशनाधिकार**

©

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

## विभिन्न आयोजन / महत्वपूर्ण घटनाएँ

### ✓ संस्थान में बौद्धिक संपदा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

भारत सरकार के राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन द्वारा देशभर में राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कार्यशालाओं/प्रदर्शनियों आदि के माध्यम से वैज्ञानिक एवं अन्य क्षेत्रों में पेटेन्ट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट आदि से संबंधित विषयों से स्कूलों एवं कॉलेजों की किशोर जनशक्ति को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस संबंध में सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में सीएसआईआर-सीरी संस्थान में दिनांक 10-11 जुलाई, 2023 के दौरान दो दिवसीय इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पिलानी एवं निकटवर्ती विद्यालयों/महाविद्यालयों के 750 से अधिक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रतिभागिता की। कार्यशाला का संयोजन एवं संचालन आईपी यूनिट के प्रमुख डॉ. नीरज कुमार, प्रधान वैज्ञानिक ने किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने की।

### ✓ सीएसआईआर ने उज्ज्वल राजस्थान प्रदर्शनी में ''सर्वश्रेष्ठ सूचनापरक स्टॉल'' का पुरस्कार जीता

राजस्थान के उदयपुर में ''उज्ज्वल राजस्थान – आत्मनिर्भर भारत की ओर'' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ 27 जुलाई, 2023 को अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्वलन के साथ हुआ। यह प्रदर्शनी दिनांक 27-29 जुलाई, 2023 के दौरान आयोजित की गई जिसमें सीएसआईआर-सीरी, पिलानी और सीएसआईआर-सीएमसीआरआई, भावनगर ने देश में सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े शोध संगठन सीएसआईआर का प्रतिनिधित्व किया। प्रदर्शनी में सीएसआईआर ने अपनी प्रौद्योगिकियों एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। प्रदर्शनी में सीएसआईआर के अलावा भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संगठनों/कार्यालयों सहित अन्य गैर-सरकारी संस्थाओं ने भी अपने उत्पादों/पोस्टरों आदि के माध्यम से प्रतिभागिता की।

### ✓ 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन

सीएसआईआर-सीरी में 15 अगस्त, 2023 को राष्ट्र का 77वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम एवं भव्य रूप से आयोजित किया गया। संस्थान के मुख्य लॉन में आयोजित समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया मुख्य अतिथि थे। इस वर्ष नई परंपरा का शुभारंभ करते हुए स्थानीय/निकटवर्ती क्षेत्र से देश की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले माँ भारती के सपूतों के परिजनों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इनके अलावा संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों व अधिकारियों के साथ संस्थान-सहकर्मियों के परिजन, सीरी विद्या मंदिर के छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण, कॉलोनीवासी एवं अन्य कर्मचारी इस अवसर पर सीरी प्रांगण में उपस्थित थे। संस्थान के प्रशासन नियंत्रक श्री जय शंकर शरण, वित्त एवं लेखा नियंत्रक श्री जय प्रकाश इंदौरा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्य अतिथि डॉ. पी.सी. पंचारिया का समारोह स्थल में आगमन पर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. पी.सी. पंचारिया सहित शहीद परिवार के परिजनों एवं संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों ने माँ भारती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य कार्यक्रम के उपरांत डॉ. पी.सी. पंचारिया और विशिष्ट अतिथियों सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों आदि ने सीरी कॉलोनी परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीगण एवं सहकर्मियों के परिजन भी उपस्थित थे। दिनांक 14 अगस्त, 2023 को 77वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा यात्रा एवं संध्या फेरी का आयोजन भी किया गया।

### ✓ सीरी में जिज्ञासा मिशन के अंतर्गत जलवायु घड़ी असेम्बली एवं डिस्प्ले ईवेन्ट का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में दिनांक 13 सितम्बर, 2023 को 'ओरिएंटेशन ऑफ क्लाइमेट क्लॉक : असेम्बली एंड डिस्प्ले ईवेन्ट' का आयोजन किया गया। हाइब्रिड मोड में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम के आरंभिक सत्र में नवोदय विद्यालय समिति, जयपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले 57 जवाहर नवोदय विद्यालयों के 2500 से अधिक विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने प्रतिभागिता की। जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में 'सोलर मैन आफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध प्रो. चेतन सोलंकी मुख्य अतिथि थे। प्रो. सोलंकी आभासी (वर्चुअल) माध्यम से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संस्थान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के अलावा संस्थान के वैज्ञानिक एवं अन्य सहकर्मी भौतिक रूप से एवं अन्य विद्यार्थी आदि आभासी रूप से सम्मिलित हुए।

### ✓ हिंदी सप्ताह एवं हिंदी दिवस- 2023 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में दिनांक 08 से 14 सितम्बर, 2023 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। सप्ताह पर्यन्त विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें सहकर्मी, परियोजना कार्मिक, प्रशिक्षार्थी आदि उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। हिंदी सप्ताह का विधिवत शुभारंभ 08 सितंबर, 2023 को आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत कर्माकर, मुख्य वैज्ञानिक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर, 2023 को आयोजित किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम संस्थान के निदेशक एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष डॉ. पी.सी. पंचारिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। हिंदी दिवस समारोह में डॉ. पंचारिया ने राजभाषा संदर्शिका 2022-23 का विमोचन किया। इस अवसर पर हिंदी सप्ताह एवं वर्ष पर्यन्त आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने वाले अनुभागों/प्रभागों को राजभाषा चल वैजयंती प्रदान की गई। राजभाषा क्र प्रचार प्रसार के लिए लागू पांच प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 की अवधि के दौरान अपना दैनिक कामकाज हिंदी में करने के लिए 52 सहकर्मियों को नकद पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया।

### ✓ सीरी में क्षेत्रीय विज्ञान कांग्रेस 2023 के समापन कार्यक्रम का आयोजन

क्षेत्रीय विज्ञान कांग्रेस 2023 के समापन एवं विदाई सत्र का आयोजन 15 सितंबर, 2023 को सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में किया गया। दिनांक

11 से 15 सितंबर, 2023 तक आयोजित किए गए पांच दिवसीय लघु विज्ञान कुंभ की मेजबानी संयुक्त रूप से सीरी और बिट्स, पिलानी द्वारा की गई थी। इस विज्ञान कांग्रेस 2023 का उद्घाघटन बिट्स-पिलानी में तथा समापन सत्र सीरी में आयोजित किया गया। समापन समारोह में प्रो. एस.के. बरई, निदेशक, बिट्स-पिलानी मुख्य अतिथि थे। डॉ. सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। क्षेत्रीय विज्ञान कांग्रेस 2023 के विभिन्न तकनीकी सत्रों में संस्थान के वैज्ञानिकों ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को अपने कार्यक्षेत्र से परिचित कराते हुए व्याख्यान दिए।

1. विषय : बौद्धिक संपदा अधिकारों पर जागरूकता
वक्ता : डॉ. नीरज कुमार, प्रधान वैज्ञानिक
2. विषय : माइक्रोवेव ट्यूब्स एवं उनके उपयोग
वक्ता : डॉ. हसीना खातून, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक
3. विषय : फ्लेक्सिबल इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेंसर्स
वक्ता : डॉ. सुमित्रा सिंह, प्रधान वैज्ञानिक
4. विषय : पावर इलेक्ट्रॉनिक्स : वर्तमान परिदृश्य
वक्ता : डॉ. एल. पद्मावती, प्रधान वैज्ञानिक

### ✓ सीरी के 71वें स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 21 सितंबर, 2023 को भव्य एवं गरिमामयी ढंग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड, नई दिल्ली के अध्यक्ष एवं सीएसआईआर- आईएचबीटी, पालमपुर के पूर्व निदेशक, डॉ. संजय कुमार मुख्य अतिथि थे। साथ ही, राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रुमेन्टेशन लि., जयपुर के प्रबंध निदेशक श्री राकेश चोपड़ा समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। आयोजन की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने की। इस अवसर पर विशेष आमंत्रिती के रूप में श्रीमती ऋचा संजय कुमार तथा श्रीमती सीमा पंचारिया भी उपस्थित थी। संस्थान के पूर्व व वर्तमान सहकर्मियों के अलावा प्रो. एस.के. बरई, निदेशक, बिट्स-पिलानी; कर्नल सौम्य चक्रबर्ती, रजिस्ट्रार, बिट्स-पिलानी; आईआईएससी-बैंगलूरू के मानद प्रोफेसर राजन्ना, सीएसआईआर मुख्यालय से डॉ. देवेन्द्र सिंह, स्थानीय शिक्षण व अन्य संस्थानों के गणमान्य अतिथियों तथा मीडिया कर्मियों के अतिरिक्त स्थानीय नागरिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ परम्परागत रूप से अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 का विमोचन किया। संस्थान में 10,20,25 तथा 30 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले सहकर्मियों को सेवा सम्मान पत्र भेंट किए गए।

### ✓ सीएसआईआर के 82वें स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 29 सितंबर, 2023 को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद का 82वाँ स्थापना दिवस समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद, जयपुर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री पीआर शर्मा समारोह के मुख्य अतिथि थे। सीएसआईआर-सीरी के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री एस रघुनाथ एवं श्री पीवी एल रेड्डी इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पीसी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। समारोह के दौरान विगत एक वर्ष के दौरान संस्थान से सेवानिवृत्त हुए 12 सहकर्मियों तथा परिषद में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले संस्थान के 06 सहकर्मियों को उनकी समर्पित सेवा के लिए सम्मा नित किया गया। साथ ही कक्षा 12 में विज्ञान विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा आईआईटी और आईआईएम में प्रवेश लेने वाले सीरी कार्मिकों के बच्चों सहित सीएसआईआर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

### ✓ वीएलएसआई डिजाइन और टेस्ट (वी-डैट 2023) संगोष्ठी का आयोजन

वीएलएसआई डिजाइन एंड टेस्ट (वी-डैट) विषय पर बिट्स-पिलानी और सीएसआईआर-सीरी द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 29 सितंबर से 01 अक्टूबर, 2023 तक तीन-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 27वीं अंतरराष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी का उद्घाटन एवं तकनीकी सत्र दिनांक 29 सितम्बर, 2023 को बिट्स, पिलानी में हुआ। संगोष्ठी का समापन सीएसआईआर-सीरी सहित उद्योग जगत, शैक्षणिक व शोध संगठनों से 150 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। संगोष्ठी का उद्देश्य वीएलएसआई के क्षेत्र में शोध एवं विकास गतिविधि का संवर्धन करना एवं शोधार्थियों को इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में नवाचारों के लिए प्रेरित व प्रोत्सा हित करना था।

## पुरस्कार/सम्मान

**1. आईईआई यंग इंजीनियर्स पुरस्कार 2023-24**

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के सेमिकंडक्टर शोध क्षेत्र में कार्यरत युवा वैज्ञानिक डॉ. राहुल प्रजेश, प्रधान वैज्ञानिक का चयन वैज्ञानिकों एवं इंजीनियरों के प्रतिष्ठित 'आईईआई यंग इंजीनियर्स पुरस्कार 2023-24 से सम्मानित किया गया है।

**2. आईईटीई के प्रतिष्ठित बापूसीताराम पुरस्कार- 2023**

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. उदित नारायण पाल को आईईटीई के प्रतिष्ठित बापूसीताराम पुरस्कार- 2023 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता में योगदान के लिए उनके द्वारा विकसित अत्याधुनिक प्लाज्मा उपकरणों और प्रणालियों के अनुसंधान और विकास के साथ-साथ सामाजिक, रणनीतिक और औद्योगिक अनुप्रयोगों में उत्कृ ष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

## समझौता ज्ञापन/एनडीए

**1. प्रौद्योगिकी :** एकेडमिक एण्ड आर एण्ड डी कोलैबोरेशन
**उद्योग/क्लाइंट :** एलएनएम इंस्टिट्यूट फॉर इनफोर्मेशन टेक्नो लॉजी, जयपुर
**दिनांक** – 10 अगस्त, 2023
**2. प्रौद्योगिकी :** डेवलपमेंट ऑफ प्रोसेस एण्ड टेक्नोलॉजी टू मैनेज वेस्ट प्लास्टिक एण्ड ई-वेस्ट
**उद्योग/क्लाइंट :** एक्सिगो रीसाइक्लिंग प्रा.लि., न्यू दिल्ली

**दिनांक** – 10 अगस्त, 2023

**3. प्रौद्योगिकी :** नॉनकांटेक्ट मॉनिटरिंग ऑफ वाइटल सिग्नल्स यूजिंग रिमोट फोटोप्लेथिस्मोग्रामी

**उद्योग/क्लाइंट :** वाइटल बायो सिस्टम्स प्रा.लि.

**दिनांक** – 22 अगस्त, 2023

**4. प्रौद्योगिकी :** एकेडमिक एण्ड आर एण्ड डी कोलैबोरेशन

**उद्योग/क्लाइंट :** जोधपुर इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलोजी, जोधपुर

**दिनांक** – 07 सितम्बर, 2023

**5. प्रौद्योगिकी :** एएसआईसी फॉर सी-बेंड एण्ड एक्स बेंड पीसीएम

**उद्योग/क्लाइंट :** सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

**दिनांक** – 15 सितम्बर, 2023

## स्वीकृत/फाइल किए गए पेटेन्ट

**1. शीर्षक :** सिथेसिस ऑफ री एण्ड एससी डोपेड इंप्रेगनेंट मिक्सड टंगस्टन नैनो पाउडर फॉर एप्लिकेशन ऑफ कैथोड इन THZ रीजन

**शोधकर्ता/लेखक :** सुशील कुमार शुक्ला, रंजन कुमार बारिक, रूद्रराजू सूर्यनारायण राजू

**फाइल करने की तिथि :** जुलाई-सितम्बर, 2023

**स्वीकृति सं. :** 439147

## शोध पत्र/लेख/व्याख्यान प्रस्तुतीकरण

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन थिन फिल्म्स एण्ड नैनोटेक्नोलॉजी: नोलेज, लीडरशिप एण्ड कमर्शियलाइजेशन (ICTN-KLC)

**स्थान** – आईआईटी-मद्रास

**दिनांक** – 06-08 जुलाई, 2023

**1. शोध पत्र** – इंप्रूवमेंट ऑफ यूवी-सी एलईडीज़ विथ p-Al0.60Ga0.40N/Al0.50Ga0.50N सुपरलैटिस क्लैडिंग रीजन बिटवीन इलेक्ट्रॉन ब्लॉकिंग लेयर एण्ड P-GaN लेयर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री हर्षिता अगीवाल, परियोजना सहयोगी- I

**2. शोध पत्र** – बुल्क एकॉस्टिक वेव (BAW) रेजोनेटर बेस्ड मेम्स मैग्नेटिक फील्ड सेंसर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री विनीता, पीएचडी स्कॉलर

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 27वीं इंटरनेशनल सिम्पोजियक ऑन वीएलएसआई डिजाइन एण्ड टेस्ट (वीडीएटी -2023)

**स्थान** – बिट्स, पिलानी

**दिनांक** – 29 सितम्बर से 01 अक्टूबर, 2023

**1. शोध पत्र** – एन इफेक्टिव हार्डवेयर इंप्लीमेंटेशन ऑफ इलिप्टिक कर्व पॉइंट मल्टीप्लिकेशन ओवर GF($2^m$) ऑन FPGA

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री रूबी कुमारी, आईडीडीपी छात्रा

**2. शोध पत्र** – लाइटलॉक: इंश्योरिंग हार्डवेयर आईपी सिक्योरिटी इन आईओटी एनवायरमेंट विद लाइटवेट लॉजिक लॉकिंग

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री जुगल गाँधी, आईडीडीपी छात्र

**3. शोध पत्र** – ए एनएएनडी फ्लैश मैमोरी कंट्रोलर फॉर एनर्जी-कंस्ट्रेंड एज कंप्यूटिंग एप्लिकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री दीक्षा शेखावत, पीएचडी स्कॉलर

**4. शोध पत्र** – कैरेक्ट्राइजेशन ऑफ मल्टी-$V_t$ ट्रांजिस्टर फॉर एनालॉग आईसी डिजाइन इन सब-नैनोमीटर टेक्नोलॉजीज़

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री रियंका बनर्जी, पीएचडी स्कॉलर

## आमंत्रित व्याख्यान

**1. विषय** – नेशनल एफडीपी ऑन ग्रांट राइटिंग, आईपीआर, एण्ड पब्लिकेशन स्ट्रैटेजीज

**वक्ता** – डॉ. ऋषी शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, रिसर्च मेथोडोलॉजी एण्ड गुड प्रैक्टिस

**स्थान** – इंदौर

**दिनांक** – 31जुलाई से 04 अगस्त, 2023

**2. विषय** – नेशनल एफडीपी ऑन ग्रांट राइटिंग, आईपीआर, एण्ड पब्लिकेशन स्ट्रैटेजीज

**वक्ता** – डॉ. आर. मुखिया, प्रधान वैज्ञानिक, रिसर्च एण्ड इट्स इच

**स्थान** – इंदौर

**दिनांक** – 31जुलाई से 04 अगस्त, 2023

## कौशल विकास कार्यक्रम/शिक्षण-प्रशिक्षण

1. **कार्यक्रम का नाम** - सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम (शिल्प)

(1) **कॉलेज/संस्थान का नाम** – एसकेआईटी, जयपुर

**प्रशिक्षित छात्रों की संख्या** – 10

**अवधि** – 21 अगस्त से 02 सितम्बर, 2023

(2) **कॉलेज/संस्थान का नाम** – एसकेएन कॉलेज ऑफ एग्रीक्लचर, जोबनेर

**प्रशिक्षित छात्रों की संख्या** – 39 (+1 फैक्लटी)

**अवधि** – 21 अगस्त से 01 सितम्बर, 2023

✓ **जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक दौरा**

| क्र.सं. | स्कूल/कॉलेज का नाम | दिनांक | छात्रों की सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | 57 जवाहर नवोदय विद्यालय, जयपुर डिवीजन | 11.09.2023<br>15.09.2023 | 112 |
| 2. | विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी एवं शिक्षक | 10.07.2023<br>11.07.2023 | 795 |
| 3. | विभिन्न ग्रामीण राजकीय विद्यालय, पिलानी | 11.08.2023 | 55 |
| 4. | डीएसटी राजस्थान | 10.08.2023<br>02.09.2023 | 03 |
| 5. | राकेश पीजी कॉलेज, पिलानी | 18.05.2023 | 20 |

कौशल विकास कार्यक्रम एवं जिज्ञासा के अंतर्गत आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं व संकाय सदस्यों को संस्थान के महत्वपूर्ण शोध कार्यों की जानकारी दी गई और प्रयोगशालाओं/विज्ञान संग्रहालय का भ्रमण कराया गया।

## प्रमुख राजभाषा गतिविधियाँ

✓ **लघु हिंदी कार्यशाला का आयोजन।**

सीएसआईआर-सीरी में हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं हिंदीमय वातावरण बनाए रखने के लिए राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा विगत अनेक वर्षों से सामान्यत: प्रत्येक माह न्यूनतम एक हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। दिनांक 27 जुलाई, 2023 को अनुवाद तथा भाषा ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के उपरांत वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने लघु कार्यशाला के माध्यम से प्रतियोगिता के प्रश्न पत्र पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों की जिज्ञासा को शांत किया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता के उपरांत आयोजित इस लघु कार्यशाला में भाषा संबंधी सामान्य अशुद्धियों पर भी चर्चा की गई।

✓ **तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकत्र एवं समेकित कर अप्रैल-जून, 2023 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट 17 जुलाई, 2023 को संयुक्त सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

✓ **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में अप्रैल-जून, 2023 तिमाही के कार्यों की समीक्षा हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 06 जुलाई, 2023 को आयोजित की गई। बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर सभी रा.का.स. सदस्यों व सीएसआईआर मुख्यालय एवं संबद्ध प्रयोगशालाओं को सूचनार्थ भेजा गया।

✓ **प्रकाशन कार्य**

राजभाषा समाचार पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति' वर्ष 12, अंक 47 (जुलाई, 2023)

✓ **प्रतियोगिताएँ**

1. हिंदी पाठ-पठन (हिंदीतर भाषी) (05 जुलाई, 2023)
2. अनुवाद तथा भाषा ज्ञान (27 जुलाई, 2023)
3. प्रश्न मंच (01 सितम्बर, 2023)
4. आशुभाषण (08 सितम्बर, 2023)
5. वाद-विवाद (08 सितम्बर, 2023)
6. प्रशासनिक प्रस्तुतीकरण (11 सितम्बर, 2023)
7. तकनीकी प्रस्तुतीकरण (11 सितम्बर, 2023)
8. कविता पाठ (स्वरचित) (12 सितम्बर, 2023)
9. कविता पाठ (अन्य कवि) (12 सितम्बर, 2023)

## प्रशासनिक समाचार

➢ **सेवानिवृत्तियाँ**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री रोहिताश्व चन्द्र शर्मा,<br>वरिष्ठ तकनीशियन (2) | 31.07.2023 |
| 2. | श्री सुनील कुमार मित्तल,<br>वरिष्ठ अधीक्षण अभियंता | 31.07.2023 |
| 3. | श्री राम पाल सिह,<br>वरिष्ठ अधीक्षण अभियंता | 31.07.2023 |

➢ **नियुक्तियाँ एवं पदस्थापन**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सुमन शर्मा, एमटीएस | 24.07.2023 |
| 2. | श्री विक्की कुमार मिश्रा, तकनीशियन (1) | 07.08.2023 |
| 3. | श्री बृजेश कुमार, तकनीशियन (1) | 07.08.2023 |
| 4. | श्री अजय कुमार सैनी, तकनीशियन (1) | 07.08.2023 |
| 5. | श्री मुद्दापका गणेश, तकनीशियन (1) | 07.08.2023 |
| 6. | श्री सुरज मित्रा, तकनीशियन (1) | 07.08.2023 |
| 7. | श्री राजू कुमार मौर्या, तकनीकी सहायक | 08.08.2023 |
| 8. | श्री कुन्दन कुमार पटेल, तकनीकी सहायक | 09.08.2023 |
| 9. | श्री अजय कुमार, तकनीशियन (1) | 09.08.2023 |
| 10. | श्री रोहिताश्व पंचारिया, तकनीशियन (1) | 09.08.2023 |
| 11. | श्री शेर सिह सोलंकी, तकनीकी सहायक | 09.08.2023 |
| 12. | श्री पुष्पेंद्र सिह, तकनीशियन (1) | 10.08.2023 |
| 13. | श्री तरुण घोटे, तकनीशियन (1) | 10.08.2023 |
| 14. | श्री वसन्त एस, तकनीकी सहायक | 11.08.2023 |
| 15. | श्री अतुल रतन म्हस्के, तकनीशियन (1) | 11.08.2023 |
| 16. | सुश्री माया, तकनीशियन (1) | 11.08.2023 |
| 17. | श्री सत्येन्द्र कुमार पाल, तकनीशियन (1) | 17.08.2023 |
| 18. | श्री राज चौधरी, तकनीशियन (1) | 17.08.2023 |
| 19. | श्री बिपिन सैम्यूल, तकनीशियन (1) | 21.08.2023 |
| 20. | श्री मनिक शोरेन, तकनीशियन (1) | 21.08.2023 |
| 21. | श्री बिद्दिका पृद्वी, तकनीशियन (1) | 21.08.2023 |
| 22. | श्री मनोज कुमार, तकनीकी सहायक | 22.08.2023 |
| 23. | श्री अभय कुमार झा, तकनीकी सहायक | 22.08.2023 |
| 24. | श्री अन्नु ए., तकनीशियन (1) | 23.08.2023 |
| 25. | श्री अमित पांडे, तकनीशियन (1) | 25.08.2023 |
| 26. | श्री सर्वदीप गौतम, तकनीशियन (1) | 11.09.2023 |
| 27. | श्री कर्मवीर, तकनीशियन (1) | 13.09.2023 |

➢ **संस्थान से स्थानांतरण होकर गए अधिकारी/कार्मिक**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | प्रयोगशाला | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री मनीष कुमार,<br>अनुभाग अधिकारी | सीएसआईआर-सीरी, पिलानी से सीएसआईआर-आईएमटी, चंडीगढ़ | 31.07.2023 |
| 2. | सुश्री सोमशुक्ला मैती,<br>वरिष्ठ वैज्ञानिक | सीएसआईआर-सीरी, पिलानी से सीएसआईआर-सीएमईआरआई, दुर्गापुर | 01.09.2023 |

➢ **संस्थान में स्थानांतरण होकर आए अधिकारी/कार्मिक**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | प्रयोगशाला | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री पलवीर सिह काजला, तकनीशियन (1) | सीएसआईआर-एनजीआरआई, हैदराबाद से सीएसआईआर-सीरी, पिलानी | 24.07.2023 |

## चित्र दीर्घा (फोटो गैलरी)


उज्ज्वल प्रदर्शनी में सीएसआईआर के वैज्ञानिकों से चर्चा करते हुए उदयपुर , राजस्थान के माननीय सांसद श्री अर्जुन लाल मीणा


77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर शहीदों के परिजनों को शॉल व स्मृ ति चिह्न भेंट कर सम्मानित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया, साथ में सीरी विद्या मंदिर की प्राचार्या श्रीमती बी राशेल



77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित जनसमुदाय को शुभकामना देते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर



हिंदी दिवस समारोह में सहकर्मियों को संबोधित करते हुए डॉ. पी सी पंचारिया , निदेशक, सीएसआईआर-सीरी


''राजभाषा संदर्शिका 2022-23'' का विमोचन करते हुए डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी एवं मंचस्थ अधिकारीगण



प्रशासन प्रभाग को राजभाषा चल वैजयंती व प्रमाण पत्र भेंट करते हुए डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



शोध एवं विकास सुविधाएँ समूह को वैज्ञानिक वर्ग में राजभाषा चल वैजयंती व प्रमाण पत्र भेंट करते हुए डॉ. पी सी पंचारिया




सिविल अनुभाग को राजभाषा चल वैजयंती व प्रमाणपत्र भेंट करते हुए डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



सीएसआईआर के 81वें स्थापना दिवस समारोह में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण




सीएसआईआर-सीरी में क्षेत्रीय विज्ञान कांग्रेस 2023 के समापन सत्र में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुधीर कुमार बरई, निदेशक, बिट्स-पिलानी



सीएसआईआर के 81वें स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर सहकर्मियों को सेवा सम्मान प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि श्री पीआर शर्मा




सीरी के 71वें स्थापना दिवस समारोह में सहकर्मियों को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि श्री राकेश चोपड़ा, प्रबंध निदेशक, आरईआईएल, जयपुर






सीरी के 71वें स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर सीरी की वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23 का विमोचन करते हुए मंचस्थ अतिथिगण एवं निदेशक



सीएसआईआर के 82वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर मुख्य अतिथि एव विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए डॉ. पीसी पंचारिया

.................